श्याम बाबा कृपा करो,
इस दास पर,
श्याम प्यारे दास पुकारे,
भक्तो की नैया बाबा,
तेरे ही सहारे।।

तर्ज परदेसी परदेसी।

मोह माया के,
जाल में ऐसे जकड़े है,
काम क्रोध मद,
लोभ के पाये पकड़े है,
कैसे निकले बाहर,
रस्ता भूल गए,
फंदौ ही फंदौ में,
हम तो झूल गए,
श्याम प्यारे दास पुकारे,
भक्तो की नैया बाबा,
तेरे ही सहारे।।

हम गलती पर,
गलती भगवन करते हैं,
लेकिन फिर भी,
प्रेम तुम्हीं से करते हैं,
ज्ञानदीप पर,

अंधीयारों के डेरे है,
काले काले बादल,
हमको घेरे है,
श्याम प्यारे दास पुकारे,
भक्तो की नैया बाबा,
तेरे ही सहारे।।

तेरी कृपा से,
तेरी ज्योत जगाई है,
पूर्वजन्म की पूंजी,
सामने आई है,
ऐसा वर दे श्याम,
तेरे गुण गाए हम,
सच्ची भक्ति,
श्री चरणों की पाए हम,
श्याम प्यारे दास पुकारे,
भक्तो की नैया बाबा,
तेरे ही सहारे।।

श्याम बाबा कृपा करो,
इस दास पर,
श्याम प्यारे दास पुकारे,
भक्तो की नैया बाबा,
तेरे ही सहारे।।

स्वर नंदू जी।
प्रेषक दीपक पाठक।
8286773955

Source:
https://www.bharattemples.com/shyam-baba-shyam-baba-kripa-karo-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw